आदेश क्रमांक / तिथि	आदेश एवं हस्ताक्षर	आदेश की गयी कार्रवाई तिथि सहित
1	2	3

न्यायालय अपर समाहर्त्ता,खूँटी

राजस्व पुनरीक्षण वाद संख्या–04R15/2013

त्रिलोकी प्रसाद भगत – आवेदक

वनाम्

श्रीमती भगवती देवी – विपक्षी

आदेश

28.11.13

प्रस्तुत वाद आवेदक त्रिलोकी प्रसाद भगत, पे0 वंशीधर भगत, साकिन+थाना–खूँटी द्वारा न्यायालय भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, खूँटी के दाखिल खारिज अपील वाद संख्या–01/11–12 में दिनांक–05.05.12 को पारित आदेश के विरूद्व दायर किया गया तत्पश्चात् उक्त वाद को तत्कालीन अपर समाहर्त्ता, खूँटी द्वारा सुनवाई हेतु अंगीकृत किया गया एवं विपक्षी को सूचना निर्गत कर निम्न न्यायालय के अभिलेख की मांग की गई। विपक्षी द्वारा उपस्थिति दी गयी तथा निम्न न्यायालय का अभिलेख प्राप्त है जो अभिलेख के साथ संलग्न है। दिनांक–30.10.13 को आवेदक द्वारा वाद वापस लेने हेतु आवेदन दाखिल किया गया है तथा प्रतिवेदित किया गया है कि अपीलकर्त्ता एवं विपक्षी के बीच आपस में मौखिक समझौता हो चूका है एवं समझौता के आधार पर आपस में मन मुटाव नहीं रहा है। फलस्वरूप दायर वाद वापस लेने हेतु अनुरोध किया गया है। साथ ही आवेदक द्वारा न्यायालय में सशरीर उपस्थित होकर दायर वाद वापस लेने हेतु अनुरोध किया है।

उपरोक्त अनुरोध की स्वीकृत करते हुए एवं दाखिल आवेदन के आधार पर चल रहे वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है। निम्न न्यायालय एवं जिला अवर निबंधक खूँटी को सूचित करें।

67/न्या0 29-11-13
68/न्या0 29-11-13

लेखापित एवं संशोधित।

28/11/13
अपर समाहर्त्ता,
खूँटी।

28/11/13
अपर समाहर्त्ता,
खूँटी।